वनस्थली विद्यापीठ में आयोजित ब्रिक्स महिला नेतृत्व शिखर सम्मेलन संपन्न

वनस्थली विद्यापीठ का ब्रिक्स देशों की संस्थाओं के साथ ''वनस्थली सेन्टर फॉर ग्लोबल वीमन लीडरशिप स्थापना हेतु हुआ एमओयू

जयपुर(कासं)। वनस्थली विद्यापीठ द्वारा आयोजित पांच दिवसीय ब्रिक्स महिला नेतृत्व शिखर सम्मेलन का समापन समारोह वनस्थली परिसर में हुआ। इस सम्मेलन के विविध सत्रों में विभाजित यह शिखर सम्मेलन ब्रिक्स देशों में महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने, सांस्कृतिक समन्वय और नवाचारमूलक अनुसन्धान में पारस्परिक सहयोग पर केन्द्रित रहा। अलग-अलग सत्रों में इक्कीसवीं सदी में ब्रिक्स देशों की महिलाओं की राजनीति, उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उद्यिमता, प्रशासन, सामाजिक विकास आदि के क्षेत्र में नेतृत्व विकास को आधार बना कर व्यापक चर्चा हुई। ब्रिक्स देशों में नेतृत्व के अवसरों में असमानता, आर्थिक संसाधनों तक सीमित पहुँच, निर्णय निर्माण में अपर्याप्त प्रतिनिधित्व तथा सामाजिक-सांस्कृतिक बाधाएँ अनेक चुनौतयों को लेकर मंथन के उपरान्त इसके लिए पारस्परिक सहयोग को लेकर भविष्य में योजना बनाकर कार्य करने की सहमति बनी।

उद्घाटन सत्र में माननीय लोक सभा अध्यक्ष, ओम बिरला ने शिरकत करते हुए वनस्थली विद्यापीठ की पिछले नौ दशकों से महिला शिक्षा व उनके उत्थान के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मेलन महिला नेतृत्व क्षमता विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह सम्मेलन वैश्विक शांति, वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए किए जा रहे साझा प्रयासों के लिए जाना जाएगा। विशेष रूप से तकनीकी, अनुसन्धान, शिक्षा, मानव कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं नैतिक बल से ही महिला नेतृत्व का विकास सम्भव होगा।

सेनेझ मैनेजमेंट वर्कशॉप के फर्स्ट वाइस रेक्टर सर्गेई बोचारोव ने कहा कि ब्रिक्स महिला सम्मेलन पिछले दस सालों से रूस में आयोजन के पश्चात वनस्थली विद्यापीठ, भारत में आयोजन होना ब्रिक्स देशो में महिला नेतृत्व विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इस सम्मेलन से नई परम्परा का आगाज़ हुआ है।''प्रेसिडेंटशियल प्लाटफार्म, रशिया-द कंट्री ऑफ ओपरचुनिटिस केडायरेक्टर ऑफ़ रीजनल एंड इंटरनेशनल कोऑपरेशन वसीली बोकोव ने कहा कि वनस्थली विद्यापीठ में महिला शिक्षा और महिला नेतृत्व विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हो रहा है। यह इसके संस्थापकों की दूरदर्शिता का ही परिणाम है। यह सम्मेलन इसी विज़न को वैश्विक स्तर पर इस कार्य को आगे बढ़ाने में सहायक होगी।''

प्रो. अंशुमान शास्त्री, निदेशक, सेण्टर फॉर आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं हेड, इंटरनेशनल रिलेशनस द्वारा विद्यापीठ में ''वनस्थली सेन्टर फॉर ग्लोबल वीमन लीडरशिप की स्थापना की घोषणा इस दिशा में उठाया गया कदम वनस्थली विद्यापीठ में महिला नेतृत्व विकास की दिशा में क्रांतिकारी पहल है। यह वैश्विक स्तर पर महिला शिक्षा सशक्तिकरण और महिला नेतृत्व विकास के लिए प्रतिबद्ध होगी। इस सम्मेलन की विशेषता अकादमिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक भी रही।



वनस्थली परिसर में ब्रिक्स महिला नेतृत्व शिखर सम्मेलन का समापन समारोह हुआ।

- सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में माननीय लोक सभा अध्यक्ष, ओम बिरला ने शिरकत की

एम्सटर्डम में डॉ.अशोक गुप्ता का संबोधन



एम्सटर्डम, नीदरलैंड (निसं)। भारत के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ और दुर्लभ रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक गुप्ता ने एम्सटर्डम में आयोजित इंटरनेशनल नियोनेटोलॉजी एसोसिएशन के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य व्याख्यान दिया। सम्मेलन का मुख्य विषय था - नवजात शिशुओं की उत्तरजीविता में सुधार और नवजातों में दुर्लभ मेटाबॉलिक रोगों की शीघ्र पहचान। अपने संबोधन में डॉ. गुप्ता ने कहा कि दुनिया भर में हर साल लाखों नवजात शिशु केवल इसलिए जान गंवाते हैं क्योंकि उनकी बीमारी समय पर पकड़ी नहीं जाती। भारत जैसे देशों में मेटाबॉलिक रोग - जैसे एमिनो एसिड, फैटी एसिड ऑक्सीडेशन और लाइसोसोमल विकार - अक्सर देर से पकड़े जाते हैं, जब तक मस्तिष्क को नुकसान हो चुका होता है।

उन्होंने नवजात स्क्रीनिंग को सभी देशों में अनिवार्य बनाने, जन्म के 48 घंटे के भीतर हील प्रिक टेस्ट, रैपिड जीनोम सीक्वेंसिंग और एआई आधारित प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

सार-समाचार

किशोरी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले अभियुक्त को सजा

जयपुर, (कासं)। जिले के सत्र न्यायालय ने किशोरी को डरा-धमकाकर उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले अभियुक्त महिपाल मीणा को सात साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने बीस साल के इस अभियुक्त पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक सुरेश कुमार शर्मा ने अदालत को बताया की 17 साल की मृतका के ताऊ ने 3 मई, 2018 को चंदवाजी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें जांच कर अदालत ने अभियुक्त को 17 जून को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया था। इसके साथ ही अदालत ने नाबालिग के खिलाफ भी बाल न्यायालय में चालान पेश किया था। पुलिस अनुसंधान में आया कि अभियुक्त नाम बदलकर मृतका को फोन करता था। इसे बाद में दोनों में जान-पहचान हो गई थी। अभियुक्त उसे बार-बार अपने पास बुलाता था, जब वह नहीं जाती तो अभियुक्त उसे धमकियां देता था। जिससे पीडिता ने 02 मई, 2018 को ओढऩी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

33 लाख रुपये कीमत के 111 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद



कोटपूतली, (कासं)। कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस ने तकनीकी दक्षता और मुस्तैदी का परिचय देते हुए आमजन के गुम हुए मोबाईल फोन ढूंढने में बड़ी सफलता हांसिल की है। पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर करीब 33 लाख रुपये की अनुमानित कीमत के 111 गुमशुदा मोबाईल फोन बरामद किए हैं। सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी मोबाईल फोन उनके वास्तविक मालिकों (परिवादियों) को सुपुर्द किए। जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश के निर्देशानुसार तथा जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के मार्गदर्शन में जिले भर में गुमशुदा मोबाईलों की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। साईबर थाना अधिकारी के सुपरविजन में जिला साईबर सेल और जिले के समस्त पुलिस थानों की टीमों ने कड़ी मेहनत व आधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए इन 111 मोबाईलों को ट्रेस कर बरामद किया। जब पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने परिवादियों को उनके खोए हुए मोबाईल सौंपे तो लंबे समय से अपने फोन मिलने की आस खो चुके लोगों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। मोबाईल वापस पाने वाले नागरिकों ने जिला पुलिस की इस तत्परता और सराहनीय पहल के लिए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी का मोबाईल फोन गुम हो जाए तो बिना किसी देरी के तुरंत संबंधित पुलिस थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाएं। साथ ही फोन के दुरुपयोग को रोकने और उसे ट्रेस करने के लिए भारत सरकार के पोर्टल के माध्यम से मोबाईल नंबर और को तुरंत ब्लॉक करवाएं। इस दौरान एएसपी नाजिम अली खान समेत पुलिसकर्मी व परिवादी मौजूद रहें।

फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर में घुटनों का सफल प्रत्यारोपण

जयपुर, (कासं)। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर में 74 वर्षीय महिला मरीज श्रीमती सरोज शर्मा का दोनों घुटनों का सफल टोटल नी रिप्लेसमेंट आधुनिक टू काइनेमैटिक अलाइनमेंट एवं मेडियल पिवट तकनीक से किया गया। यह सर्जरी डॉ. दिलीप मेहता, एडिशनल डायरेक्टर - ऑर्थोपेडिक्स, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा की गई। इस सर्जरी में घुटने की प्राकृतिक शारीरिक संरचना और उसके मूल अलाइनमेंट को ध्यान में रखते हुए प्रत्यारोपण किया गया। पारंपरिक तकनीकों में जहां सामान्यत: 6 डिग्री के निर्धारित कोण का उपयोग किया जाता है, वहीं टू काइनेमैटिक अलाइनमेंट तकनीक में मरीज की प्राकृतिक एनाटॉमिकल एक्सिस और हड्डियों की व्यक्तिगत बनावट के अनुसार सर्जरी की योजना बनाई जाती है। इस तकनीक में विशेष इंस्ट्रूमेंटेशन और सटीक माप की सहायता से हड्डियों की कटिंग एवं इम्प्लांट की पोजिशनिंग की जाती है, जिससे घुटने की प्राकृतिक संरचना को बेहतर तरीके से पुनर्स्थापित करने में मदद मिलती है। वहीं, मेडियल पिवट तकनीक का उद्देश्य घुटने की प्राकृतिक बायोमैकेनिक्स को दोबारा स्थापित करना है।

स्पीकर देवनानी की गुरुनानक जयंती पर शुभकामनाएं

जयपुर, (कासं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं महान आध्यात्मिक संत श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व (गुरुनानक जयंती) पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।देवनानी ने कहा कि गुरु नानक देव का संपूर्ण जीवन सत्य, प्रेम, करुणा, समानता और मानव सेवा के आदर्शों के प्रति समर्पित रहा। उनकी पावन शिक्षाएं सम्पूर्ण मानव समाज को सद्भाव, बंधुत्व और परस्पर सम्मान की प्रेरणा प्रदान करती हैं। उनका जीवन दर्शन परिश्रम, ईश्वर स्मरण तथा समाज के साथ अपने संसाधनों को साझा करने का महान संदेश देता है। देवनानी ने कहा कि उनकी वाणी में निहित आध्यात्मिक दृष्टि और लोककल्याण की भावना आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करती है।

प्रदेश की बेटियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाएगी पुलिस

जयपुर, (कासं)। राजस्थान में बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में राजस्थान पुलिस एवं स्कूल शिक्षा विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश की 23.32 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने के लिए सोमवार को राजस्थान पुलिस और स्कूल शिक्षा विभाग के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न हुआ। महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान पुलिस की ओर से एडीजी कम्युनिटी पुलिसिंग श्रीमती लता मनोज कुमार तथा शिक्षा विभाग की ओर से राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद डॉ. रश्मि शर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस पहल के तहत शैक्षिणक सत्र 2026-27 में प्रदेश के 36,765 राजकीय विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक अध्ययनरत बालिकाओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनाते हुए उनमें आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की क्षमता विकसित करना है, ताकि वे घर, विद्यालय और सार्वजनिक स्थानों पर स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें महानिदेशक पुलिस शर्मा ने कहा कि इस पहल से प्रदेश के सभी जिलों में विद्यालय स्तर पर बालिका सुरक्षा के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा।

- राजस्थान पुलिस और शिक्षा विभाग के बीच एमओयू संपन्न,
- प्रदेश के 36,765 राजकीय विद्यालयों में संचालित होगा रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम

सिरोही जिले की पांच तहसीलें गंभीर सूखाग्रस्त घोषित

जयपुर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनके कल्याण और आर्थिक संबल के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने खरीफ फसल संवत् 2083 (वर्ष 2026) में सूखे से प्रभावित सिरोही जिले की पांच तहसीलों को गंभीर सूखाग्रस्त घोषित करने के निर्देश दिए हैं।

राजस्व विभाग द्वारा ग्राउंड ट्रूथिंग करवाए जाने पर सिरोही जिले की पांच तहसीलें आबूरोड, देलदर, पिण्डवाड़ा, रेवदर एवं सिरोही गंभीर सूखाग्रस्त श्रेणी में पाई गईं। अधिसूचना जारी होने के पश्चात इन अभावग्रस्त तहसीलों में एसडीआरएफ के मानदंडों के अनुसार कृषि आदान-अनुदान वितरण एवं अन्य राहत गतिविधियां संचालित की जा सकेंगी। राजस्थान में मानसून सत्र में औसत वार्षिक वर्षा से लगभग 20 प्रतिशत कम होने के कारण पूर्व में कुल 15 जिलों की 87 तहसीलों को भी सूखाग्रस्त घोषित किया जा चुका है।

मध्यकालीन ऋण कन्वर्जन में देरी पर सहकारी बैंक यूनियन ने ज्ञापन दिया

जयपुर,(कासं)। प्रदेश के सहकारी बैंक कर्मचारी-अधिकारी वर्ग के संगठन ऑल राजस्थान कोआपरेटिव बैंक एम्पलाईज यूनियन एवं ऑल राजस्थान कोआपरेटिव बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से महासचिव सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने सहकारिता मंत्री, शासन सचिव सहकारिता विभाग एवं रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, राजस्थान सरकार को ज्ञापन सौंपकर खरीफ-2026 में फसल खराबे के कारण अल्पकालीन फसली ऋणों को मध्यकालीन ऋणों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया को मिशन मोड में प्रारम्भ करवाने की मांग की है।

ज्ञापन में लिखा है कि- दि राजस्थान स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लि. के पत्र दिनांक 13.11.2026 द्वारा 15 जिलों - ब्यावर, बांसवाड़ा, बाड़मेर, बालोतरा, चूरू, बीकानेर, डूंगरपुर, जैसलमेर, जोधपुर, जालोर, फलोदी, नागौर, पाली, राजसमन्द, सिरोही की कुल 87 तहसीलों में अभावग्रस्त घोषित क्षेत्र में वितरित अल्पकालीन फसली ऋणों को मध्यकालीन ऋणों में परिवर्तित करने के निर्देश जारी हो चुके हैं। किन्तु आज दिनांक तक धरातल पर प्रक्रिया अपेक्षित गति से प्रारम्भ नहीं हुई है।उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि किसान कर्ज के बोझ, वसूली के दबाव और मानसिक तनाव में है। समय पर कन्वर्जन नहीं हुआ तो किसान डिफाल्टर होगा, समिति/बैंक का बढ़ेगा और सहकारी साख आंदोलन को अपूरणीय क्षित होगी।

आमेरा ने ज्ञापन में सरकार और सहकारी विभाग से माँग की है कि समिति स्तर पर आवेदन, प्रस्ताव, साख सीमा स्वीकृति एवं अपेक्स बैंक को प्रस्ताव भिजवाने की कार्यवाही सर्वोच्च प्राथमिकता पर शुरू की जाए। 16.11.2026 की समय सीमा निकल चुकी है, अत: नई समयबद्ध तिथि घोषित की जाए।

आमेरा ने विशेष रूप से 4कमजोर सीसीबी: जिन बैंकों की सीआरएआर 9 से कम है, उन्हें पुनर्वित्त हेतु अपात्र माना गया है। पाली, जैसलमेर, डूंगरपुर एवं नागौर - इन 4 बैंकों को नाबार्ड से पूनर्वित्त करने की माँग की गई है । संगठन ने कहा - यह अत्यन्त अन्यायपूर्ण है। इन्हीं जिलों के किसान सबसे अधिक प्रभावित हैं। यदि इन बैंकों को पुनर्वित्त नहीं मिलेगा तो इन जिलों के किसान कन्वर्जन से वंचित रह जाएंगे। अत: राज्य सरकार, रजिस्ट्रार एवं अपेक्स बैंक, नाबार्ड से विशेष अनुरोध/सिफारिश कर इन 4 बैंकों के लिए भी पुनर्वित्त उपलब्ध करवाएं। आवश्यकता हो तो राज्य सरकार की गारंटी / विशेष पैकेज का प्रस्ताव नाबार्ड को भेजा जाए। किसी भी किसान को बैंक की कमजोर की सजा नहीं मिलनी चाहिए।

- चार कमजोर सीसीबी जैसलमेर नागौर डूंगरपुर पाली को नाबार्ड से पुनर्वित्त देने की मांग : आमेरा

गुरुनानक जयंती पर शहर में रहेगी विशेष यातायात व्यवस्था

जयपुर(कासं)। गुरुनानक जयंती के अवसर पर मंगलवार को राजापार्क स्थित गुरुद्वारे में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ के मद्देनजर सामान्य यातायात के साथ बसों के संचालन में भी आवश्यकतानुसार बदलाव किया जाएगा। पुलिस उपायुक्त (यातायात) प्रवीण नायक नूनावत के अनुसार त्रिमूर्ति सर्किल से गुरुद्वारा मोड़ की ओर जाने वाले वाहनों को राजापार्क चौराहे से पैरामेडिकल और गोलचक्कर पार्क सर्किल की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। यहां से वाहन चालक मुक्ति मार्ग, आदर्श नगर रोड और शांति मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। इसी प्रकार गुरुद्वारा मोड़ से त्रिमूर्ति सर्किल की ओर आने वाले वाहनों को कुशाल बेकरी (गोविंद मार्ग) से पंचवटी सर्किल की तरफ भेजा जाएगा। वाहन चालक क्षेमचंद मार्ग, विद्यालय मार्ग, विजय पथ और शांति पथ से होकर अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। यातायात का दबाव अधिक होने पर त्रिमूर्ति सर्किल से वाहनों को जवाहरलाल नेहरू मार्ग की ओर डायवर्ट किया जा सकेगा। वहीं गुरुद्वारा मोड़ से घाटगेट की ओर जाने वाले यातायात को आवश्यकतानुसार रोटरी सर्किल से जवाहर नगर बाईपास की तरफ भेजा जाएगा। आगरा रोड से सिंधी कैंप जाने वाली बसों को गोनेर तिराहा से खो-नागोरियान रोड, सीबीआई फाटक, हनुमान तिराहा, जवाहर सर्किल और पुराने बाईपास क्लोवर लीफ से टोंक रोड होकर भेजा जाएगा। दिल्ली रोड से सिंधी कैंप आने वाली बसें टीपी नगर पुलिया, रोटरी सर्किल, जवाहर नगर बाईपास, रॉयल्टी तिराहा, केवी-03 तिराहा, ओटीएस चौराहा और गोपालपुरा पुलिया से टोंक रोड होकर गुजरेंगी। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि एम्बुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहनों का आवागमन निर्बाध रहेगा। आमजन से अपील की गई है कि यातायात संबंधी असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक और समानांतर मार्गों का उपयोग करें।

- गुरुद्वारे में होने वाले कार्यक्रमों को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है

डेटिंग ऐप पर छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जयपुर(कासं)। गांधी नगर थाना पुलिस ने डेटिंग ऐप पर फर्जी पहचान बनाकर कॉलेज छात्रा से दोस्ती करने, छेड़छाड़ और मारपीट करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल काले रंग की क्रेटा कार और आईफोन प्रो मैक्स भी जब्त किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि झालाना डूंगरी स्थित आईआईसीडी की छात्रा ने 20 नवंबर को हॉस्टल वार्डन के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता के अनुसार बम्बल डेटिंग ऐप पर उसकी पहचान एक युवक से हुई थी, जिसने अपना नाम दर्शील बताया था। दो दिन बातचीत के बाद आरोपी ने 19 नवंबर को उसे कॉलेज के बाहर मिलने बुलाया।आरोपी छात्रा को अपनी काले रंग की क्रेटा कार में बैठाकर शहर में घुमाने लगा।

फर्जी दस्तावेजों से प्लॉट हड़पने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर(कासं)। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर आवासीय भूखंड की धोखाधड़ी और बिक्री करने के मामले में करीब छह माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर आवासीय भूखंड की धोखाधड़ी और बिक्री करने के मामले में करीब छह माह से फरार आरोपी को35 वर्षीय विक्रम सिंह निवासी तूंगा जयपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी से फर्जी दस्तावेज तैयार करने, भूखंड का बेचान करने और षड्यंत्र में शामिल अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है थानाधिकारी महेश चन्द्र के अनुसार पीड़ित नरेन्द्र कुमार गुप्ता ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि राजस्थान आवासन मंडल ने उन्हें आवासीय भूखंड आवंटित किया था। इसकी राशि उन्होंने नियमित और एकमुश्त जमा करवा दी थी। आरोप है कि उनके जाली हस्ताक्षर और पुरानी फोटो का दुरुपयोग कर फर्जी इकरारनामा, मुख्त्यारनामा और वसीयतनामा तैयार किए गए। इसके बाद कथित रूप से झूठे गवाहों और आवासन मंडल के कर्मचारियों की मिलीभगत से षड्यंत्रपूर्वक भूखंड का नियमितीकरण करवाकर अपने नाम पट्टा और लीज डीड जारी करवा ली गई। बाद में भूखंड का बेचान भी कर दिया गया। इस मामले में 13 मई 2026 को जवाहर सर्किल थाने में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने मुखबिर तंत्र और सूचना संकलन के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की। लगातार ठिकाने बदलकर फरारी काट रहे आरोपी विक्रम सिंह को पुख्ता सूचना मिलने पर डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

जीत के बाद आई लापरवाही, जनता ने बजाया अलार्म : भाटिया

जयपुर, (कासं)। राजस्थान के पंचायत चुनावों में भाजपा के कमजोर प्रदर्शन ने पार्टी के सियासी समीकरणों के साथ संगठन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीण सत्ता के चुनाव में मिले झटके के बाद अब भाजपा के भीतर हार के कारणों की पड़ताल शुरू हो गई है। चुनाव परिणामों ने सरकार और संगठन के बीच तालमेल, कार्यकर्ताओं की नाराजगी, टिकट वितरण में कथित मनमानी और स्थानीय स्तर पर नेतृत्व की भूमिका को बहस के केंद्र में ला दिया है। इन सबके बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी संजय भाटिया ने हार को स्वीकार करते हुए पार्टी के भीतर संभावित लापरवाही की बात मानी है। उन्होंने यहां तक कहा कि कई बार जीत से व्यक्ति मस्त हो जाता है और यदि पार्टी में भी ऐसी लापरवाही आई है तो उसे ईमानदारी से स्वीकार कर सुधार किया जाएगा।

भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए भाटिया ने पंचायत चुनाव के परिणामों को पार्टी के लिए अलार्म बताया। उन्होंने कहा कि जनता ने जो फैसला दिया है, भाजपा उसे स्वीकार करती है। पार्टी हार से भागने और बहाने बनाने वाली नहीं है। हार और जीत राजनीति के दो पहलू हैं। इस परिणाम को आत्ममंथन के अवसर के रूप में लेना चाहिए। उन्होंने शरीर में बीमारी से पहले मिलने वाले संकेत का उदाहरण देते हुए कहा कि चुनाव परिणाम भी एक तरह का अलर्ट हैं। समय रहते कमियों का इलाज कर लिया जाए तो आगे बेहतर परिणाम मिल सकते हैं चुनाव में हार की जिम्मेदारी तय करने के सवाल पर भाटिया ने कहा कि यदि किसी स्तर पर गलती हुई है तो जिम्मेदारी तय होगी, लेकिन पहले पूरे चुनाव परिणाम और परिस्थितियों को देखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनता की किसी बात को लेकर नाराजगी रही होगी, जिसके कारण उसने भाजपा को वोट नहीं दिया। उस नाराजगी को समझकर दूर करना होगा। उन्होंने किसी एक व्यक्ति पर हार का ठीकरा फोड़ने के बजाय सामूहिक रूप से कमियों की पहचान करने की बात कही।

सरकार और संगठन में कार्यकर्ताओं की सुनवाई नहीं होने तथा भेदभाव के आरोपों पर भाटिया ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी परिवार का हिस्सा हैं। उनकी शिकायतों और सुझावों को पार्टी की आंतरिक बैठकों में गंभीरता से सुना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता बंद कमरे में अपनी बात रखेंगे तो उसे सुना भी जाएगा और उस पर अमल भी होगा।

टिकट वितरण में परिवारवाद के सवाल पर उन्होंने जिला परिषद चुनाव में किसी परिवार को विशेष तवज्जो देने से इनकार किया। हालांकि पंचायत समिति चुनाव में टिकट वितरण के फैसले जिला स्तर पर होने के कारण कुछ जगह परिवार के सदस्यों को टिकट दिए जाने की संभावना स्वीकार की। उन्होंने माना कि इस स्तर पर कुछ कमियां रही हो

सकती हैं। कांग्रेस की ओर से पंचायत चुनाव परिणामों को विधानसभा चुनाव का लिटमस टेस्ट बताने पर भाटिया ने कहा कि विपक्ष अपने पक्ष में बयानबाजी करेगा। भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव पूरी ताकत से लड़ेगी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में परिणाम पक्ष में नहीं आने पर कांग्रेस को चुनाव आयोग और ईवीएम को दोष नहीं देना चाहिए।

- पार्टी सिंबल पर उम्मीद के मुताबिक नहीं मिली सीटें, कार्यकर्ताओं की नाराजगी और टिकट वितरण की कमियों पर भी उठे सवाल; भाटिया बोले- हार के बहाने नहीं बनाएंगे, कमियां दूर कर विधानसभा चुनाव में उतरेंगे

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नेशनल लाइवस्टॉक मिशन की समीक्षा बैठक

जयपुर, (कासं)। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय में पशुपालन विभाग की केन्द्र प्रवर्तित योजना राष्ट्रीय पशुधन मिशन के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में योजना के विभिन्न घटकों, वित्तीय प्रगति, पशुपालन उद्यिमता विकास कार्यक्रम, बकरी सीमेन प्रयोगशाला की स्थापना, पशुपालक प्रशिक्षण, चारा बीज उत्पादन तथा अनुसंधान परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध वित्तीय संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए पशुपालकों को अधिकाधिक लाभान्वित किया जाए ताकि पशुपालन क्षेत्र में रोजगार, उद्यिमता एवं उत्पादन वृद्धि को प्रोत्साहन मिले।

बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन का उद्देश्य पशुधन एवं कुक्कुट क्षेत्र में उद्यिमता को प्रोत्साहित करने, नस्ल सुधार, गुणवत्तापूर्ण चारा एवं चारा बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा अनुसंधान, नवाचार एवं पशुधन बीमा को बढ़ावा देना है।

पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री विकास सीतारामजी भाले ने बताया कि योजना के अंतर्गत बकरी, भेड़, सूकर एवं कुक्कुट पालन के साथ-साथ चारा उद्यिमों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होने के साथ पशुधन उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा।



मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सचिवालय में पशुपालन विभाग की राष्ट्रीय पशुधन मिशन के प्रगति की समीक्षा बैठक ली।